संख्या-21/684/63-व0उ0-2015-31(एच)/15

प्रेषक,

राज बहादुर,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निदेशक,
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग,
उ0प्र0, कानपुर।

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अनुभाग **लखनऊ : दिनांक 07 अगस्त 2015**

विषय:- बुनकरों को विद्युत आपूर्ति हेतु इन्डीपेन्डेन्ट फीडर की व्यवस्था के सम्बन्ध में वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-259/ह0क0-सह0अनु0/2015-16, दिनांक 01.06.2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में बुनकरों को विद्युत आपूर्ति इन्डीपेन्डेन्ट फीडर के माध्यम से किये जाने हेतु प्रथम चरण में निम्न स्थानों के बुनकरों हेतु **रू0 9,17,88,563.00 (रूपया नौ करोड़, सत्रह लाख, अट्ठासी हजार, पॉच सौ तिरसठ मात्र)** की वित्तीय श्री राज्यपाल प्रदान करते हैं:-

मऊ	कस्बा-मुबारकपुर (आजमगढ़) हेतु	रू 34,25,866.00
लखनऊ	कस्बा-जैदपुर (बाराबंकी) हेतु	रू 3,09,20,660.00
फैजाबाद	मुबारकपुर टाउन टाण्डा (अम्बेडकर नगर) हेतु	रू 2,56,82,672.00
	सकरावल टाण्डा (अम्बेडकर नगर) हेतु	रू 3,17,59,365.00
	कुल योग-	**रू 9,17,88,563.00**

2- उक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा तथा स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करके 01 माह में शासन के सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त धनराशि का सदुपयोग सुनिश्चित करने का पूर्ण उत्तरदायित्व उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड/आयुक्त एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उ0प्र0, कानपुर का होगा।

3- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि **रू0 9,17,88,563.00 (रूपया नौ करोड़, सत्रह लाख, अट्ठासी हजार, पॉच सौ तिरसठ मात्र)** को चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-6 (आयोजनागत) के अधीन लेखाशीर्षक-**"4801-बिजली परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय, 05-संचरण तथा वितरण-190-सार्वजनिक क्षेत्र तथा अन्य उपक्रमों में निवेश-03-बुनकरों को विद्युत आपूर्ति हेतु इन्डीपेन्डेन्ट फीडर की व्यवस्था-30-निवेश/ ऋण"** के नामें डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30.03.2015 में वर्णित प्राविधानों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

राज बहादुर
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-684(1)/63-व0उ0-2015-31(एच)/15, तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।

2- निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, अशोग मार्ग, लखनऊ।

3- प्रबन्ध निदेशक, पूर्वांचल/मध्यांचल, विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी/लखनऊ।

4- मुख्य अभियन्ता, नियन्त्रण एवं अनुश्रवण इकाई (वित्तीय) उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, चतुर्थ तल, शक्ति भवन, अशोग मार्ग, लखनऊ।

5- विशेष सचिव, ऊर्जा अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।

6- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर नगर।

7- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, 125 जवाहर भवन, लखनऊ।

8- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6/वित्त (बजट) अनुभाग-4/नियोजन अनुभाग-4

9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

राज बहादुर
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in